दिनांकः 17.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

आज विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस हैं भूमि क्षरण को रोकने के उद्देश्य से हर साल 17 जून को यह दिन मनाया जाता हैं इस वर्ष का विषय है – "भूमि क्षरण रोकें, अवसरों का लाभ उठाएं" इस अवसर पर जोधपुर स्थित शुष्क वन अनुसंधान संस्थान–आफरी में "मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम रणनीति" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसका उद्घाटन कियां उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रकृति का कोई विकल्प नहीं हैं मानव, विकास के इस दौर में प्रकृति के अलावा सब कुछ बना सकता हैं श्री यादव ने कहा कि ऊर्जा का अंतिम संसाधन प्रकृति से ही मिलता है, इसलिए प्रकृति को संजोने की आवश्यकता हैं उन्होंने लोगों से प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर कर जीवन व्यतीत करने का आह्वान कियां

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित कियां उन्होंने कहा कि जनसंख्या विस्फोट के कारण प्रकृति पर दबाव बढ़ा है, इससे ईको सिस्टम गड़बड़ा गया हैं श्री शेखावत ने कहा कि वन रोपण से लेकर टिकाऊ भूमि उपयोग तक भारत की संकल्प शक्ति अडिग हैं इस दौरान आफरी के वैज्ञानिकों की ओर से लिखी गई पुस्तकों का विमोचन किया गयां वहीं किसानों को पौधे वितरित किये गयें

कार्यशाला में जलवायु लचीलापन, जैव विविधता और अनवरत ग्रामीण विकास के लिए भूमि संरक्षण के महत्व पर चर्चा की जा रही हैं इसमें वैज्ञानिक, नीति निर्माता, वन अधिकारी और नागरिक समाज संगठन भाग ले रहे हैं

000

ईरान की राजधानी तेहरान में भारतीय दूतावास के प्रयासों से भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रबंध किये गए हैं विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में बताया गया है कि जिन नागरिकों के पास आने जाने की अपनी व्यवस्था है, उन्हें भी स्थिति को देखते हुए शहर से बाहर जाने को कहा गया हैं कुछ भारतीयों को आर्मेनिया से लगने वाली सीमा से ईरान से बाहर निकलने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के सम्पर्क में है ताकि उन्हें जरूरी सहायता दी जा सकें यह भी बताया गया है कि स्थिति के अनुरूप नई एडवाइजरी जारी हो सकती हैं

000

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास के तहत आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर विशेष योग सत्र रखा गयां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्यार्थियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ योगाभ्यास कियां इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम के साथ–साथ मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का साधन हैं उन्होंने प्रदेशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और 'स्वस्थ, समृद्ध तथा विकसित राजस्थान' के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील कीं

कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों सहित कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लियां हनुमानगढ और बालोतरा में भी विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम हो रहे हैं इनमें लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जा रहा हैं

000

केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में जान गंवाने वाले पायलट राजवीर सिंह चौहान की आज जयपुर में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टी की गईं उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया

और उन्हें नम आंखों से विदाई दीं गौरतलब है कि रविवार को हुए इस हादसे में पायलट राजवीर सहित सात लोगों की मृत्यु हो गई थीं

000

प्रदेश के बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुईं इसके साथ ही कहीं—कहीं भारी बारिश भी रिकॉर्ड की गईं सीकर में 7 सेंटीमीटर पानी बरसां आज भी कई स्थानों पर बादल छाए हुए हैं हनुमानगढ में बूंदाबांदी हुईं इस बीच, राज्य में सर्वाधिक 39 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गयां मौसम विभाग के अनुसार आज सभी संभागों के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश हो सकती हैं वहीं शेखावाटी क्षेत्र में कहीं—कहीं भारी बारिश के आसार हैं

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज से आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 आयोजित की जा रही हैं दो दिन चलने वाली ये परीक्षा अजमेर और जयपुर जिला मुख्यालयों पर 77 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में ली जा रही हैं मुख्य परीक्षा 1 हजार 96 पदों के लिए आयोजित की जा रही हैं

000